## एक नजर में

### आईएमए प्रतिनिधियों ने संसद के बजट सत्र में भाग लिया




**इंदौर.** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधियों ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित संसद के बहुमूल्य बजट सत्र में सहभागिता की. यह अवसर आईएमए के सदस्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें उन्हें देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखने, समझने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ. इस विशेष अवसर के अंतर्गत आईएमए प्रतिनिधियों ने संसद में चल रहे लाइव बजट सत्र में उपस्थिति दर्ज की. प्रतिनिधियों ने बजट प्रस्तुति के साथ-साथ संसद में होने वाली चर्चा, प्रश्नोत्तर और निर्णय प्रक्रिया को नज़दीक से देखा, जिससे उन्हें देश की आर्थिक दिशा और नीति निर्धारण की प्रक्रिया की गहरी समझ प्राप्त हुई. इस संसदीय सहभागिता कार्यक्रम में इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से सौरभ खेमका, आयुष डफरिया, मानस बंसल, अंश आनंद, रहबर राजा एवं सीमा अरोड़ा ने भाग लिया. सभी प्रतिनिधियों ने संसद के वातावरण, कार्यवाही की गरिमा और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर होने वाली चर्चाओं को अत्यंत प्रेरणादायक बताया .इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन का उद्देश्य अपने सदस्यों को केवल व्यावसायिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय और सामाजिक विषयों से भी जोड़ना है। इस प्रकार की पहलें सदस्यों को वास्तविक अनुभव प्रदान करती हैं, जिससे वे बेहतर नागरिक और अधिक जिम्मेदार पेशेवर बन सकें. इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने संसद भवन की ऐतिहासिक और संवैधानिक महत्ता को भी समझा तथा लोकतंत्र की मजबूती में संसद की भूमिका पर विचार साझा किए।

### नया बजट नए भारत की उड़ान को नए पंख देने वाला



**इंदौर.** श्री अग्रसेन महासभा के पूर्व अध्यक्ष, सीए शाखा इंदौर एवं टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसो इंदौर के पूर्व अध्यक्ष सीए एसएन गोयल ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत की उड़ान को नए पंख देने वाले बजट निरुपित किया है. बजट के अवलोकन के बाद सोमवार को उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए समाज बंधुओं को स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री ने इस बजट में फार्मास्यूटिकल उद्योग, क्रिएटिव तकनीकी विकास, खेलों इंडिया, दिव्यांगों के लिए सहारा योजना सहित अनेक ऐसे प्रस्ताव रखे हैं जो समाज के सभी वर्गों के लिए दूरगामी नतीजे देने वाले साबित होंगे. केमिकल पार्क की स्थापना से लेकर करारोपण व्यवस्था के सरलीकरण और आयकर अधिनियम के सरलीकरण सहित अनेक ऐसे कदम इस बजट में उठाए गए हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक के नए भारत के स्वप्न के अनुरूप नतीजे देने वाले साबित होंगे।समाज के मजदूर, किसान, युवा, बुजुर्ग से लेकर हर वर्ग के लिए श्रीमती सीतारमण ने बहुत सोच-समझकर देश के नवनिर्माण की परिकल्पना को मूर्त रूप देने का प्रयास किया है.

### स्टेट जीएसटी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**इंदौर.** मध्यप्रदेश टैक्स कंसलटेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टेट जीएसटी कमिशनर अनय द्विवेदी से भेंट कर जीएसटी ट्रिब्यूनल की एक अतिरिक्त बेंच इंदौर में स्थापित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ट्रिब्यूनल जीएसटी से संबंधित अपील प्रकरणों की सुनवाई हेतु गठित किया गया है, जिसकी वर्तमान में एकमात्र बेंच भोपाल में प्रस्तावित है. एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि इंदौर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है, जहां व्यावसायिक गतिविधियां भोपाल की तुलना में कहीं अधिक हैं। प्रदेश में सर्वाधिक जीएसटी करदाता इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों में ही स्थित हैं. इसके अतिरिक्त, इंदौर में पहले से ही आयकर अपीलीय अधिकरण एवं राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की बेंच कार्यरत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इंदौर न्यायिक एवं व्यावसायिक दृष्टि से एक उपयुक्त केंद्र है. एमपीटीसीए के अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट सुमित नेमा ने कहा कि यदि जीएसटी ट्रिब्यूनल की एक बेंच इंदौर में भी स्थापित की जाती है, तो इससे न केवल इंदौर बल्कि उज्जैन, खंडवा, खरगोन, रतलाम, मंदसौर, नीमच एवं देवास जैसे आसपास के शहरों के करदाताओं को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी. उन्होंने यह भी बताया कि उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल जैसे अनेक राज्यों में एक से अधिक जीएसटी ट्रिब्यूनल बेंच सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं, अत: मध्यप्रदेश में भी एक अतिरिक्त बेंच की स्थापना पूर्णत: न्यायसंगत है. इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सीए सुमित नीमा, राजेश मेहता, अभय शर्मा, कीर्ति जोशी, एस.एन. गोयल एवं कर सलाहकार आर.एस. गोयल सहित अन्य कर सलाहकार एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित रहे.

### दिव्य गीता सत्संग उत्सव 6 से



**इंदौर.** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के दिव्य संकल्प के साथ गत दिसम्बर माह में कोलकाता में रचे गए विश्व कीर्तिमान के बाद अब मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर में 6 से 8 फरवरी तक विशाल आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन होगा. इस आयोजन के माध्यम से प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद इंदौर आएँगे और कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह में प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे. 6 फरवरी से होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियाँ शुरू हो गई हैं. अ.भा. अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल (दिल्ली) एवं समन्वयक कुलभूषण मित्तल कुक्की ने बताया कि इस वृहद आयोजन की मेजबानी सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास करेगा. ट्रस्ट के संस्थापक बालकृष्ण छावछरिया एवं अध्यक्ष समाजसेवी विनोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विमल तोडी एवं पवन सिंघानिया समूह) प्रमुख यजमान के रूप में शामिल होगें।. कार्यक्रम के संचालन हेतु जीओ गीता के प्रदेश संयोजक मनोरंजन मिश्रा (भोपाल) और निशा जोशी एवं एस.एन. गोयल समाधान को शामिल करते हुए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें कुलभूषण मित्तल कुक्की सचिव, विनय छावछरिया उपाध्यक्ष, जयश्री अग्रवाल, पवन सिंघानिया, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, निर्मल रामरतन अग्रवाल, विष्णु बिंदल, अचल चौधरी, सीए एसएन गोयल, योगेन्द्र जैन बाबा एवं खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट शामिल किए गए हैं.

### खेड़ीघाट पर हलवा प्रसाद का वितरण



**इंदौर.** नर्मदा सेवक मंडल के तत्वावधान में समाजसेवी मनीष-अलका बंसल सिमरोल के सौजन्य से प्रतिवर्षानुसार खेड़ीघाट स्थित बृज वसुंधरा पर 1121 किलो शुद्ध घी से निर्मित हलवा प्रसाद का वितरण किया गया।दूर-दूर से आए नर्मदा भक्तों ने इस प्रसाद का पुण्य लाभ उठाया. इस सेवा प्रकल्प में बालाजी धाम मालवा मिल अनाज मंडी से जुड़े राजू अग्रवाल राधे राधे, शिव खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल एवं कैलाश भाई ने भी श्रमदान कर व्यवस्थाएं संभाली। नर्मदा मैया का विधिवत पूजन भी किया गया.

# सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला

- शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**इंदौर.** उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल रविवार को इंदौर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए. एमजीएम मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले टॉपर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियाँ केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं. अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और आत्मविश्वास- ये सभी गुण ऐसे आयोजनों से विकसित होते हैं, जो भविष्य में आपको एक बेहतर चिकित्सक ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक भी बनाते हैं. श्री शुक्ल ने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन प्रयास और अनुभव ही हमें आगे बढ़ना सिखाते हैं. उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, आयोजन समिति तथा समस्त स्टाफ को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कार्यक्रम की सराहना की. श्री शुक्ल ने अंत में कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहाँ से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देंगे और समाज के प्रति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे. इस अवसर पर विधायक श्री गोलू शुक्ला, पार्षद पंखुड़ी डोसी, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.हर्ष चंसोरिया, डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता, दीपक जैन आदि मौजूद थे.

> **सीटें दोगुनी करने का प्रस्ताव भेजा**
>
> महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता ने बताया कि शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय का शुभारंभ 1961 में हुआ था. वर्तमान में यहां प्रतिदिन 700 से अधिक दंत रोगियों को उपचार दिया जा रहा है। इस वर्ष बीडीएस की सीटें भी दोगुनी करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

# जिम ट्रेनर ने तलवार से दो भाइयों पर हमला किया, तीन हिरासत में



**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र से रविवार रात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में एक जिम ट्रेनर हाथ में तलवार लेकर लोगों को धमकाता दिखाई दे रहा है. आरोप है कि उसने घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला किया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, दूसरी ओर से भी मारपीट की गई.

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि श्याम नगर एनएक्स इलाके में तलवार लहराने की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है. मुख्य आरोपी सूरज तिवारी पेशे से जिम ट्रेनर है. उस पर आरोप है कि उसने तलवार से अभिषेक चौहान और उसके भाई आकाश उर्फ अक्कू पर हमला किया. हमले में आकाश के हाथ में गंभीर चोट आई. थाना प्रभारी का कहना है कि घटना के समय दोनों पक्षों के युवक शराब के नशे में थे. रात में घूरने को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई. विवाद के बाद सूरज अपने घर से तलवार लेकर आया और अभिषेक के घर में घुसकर हमला किया. पुलिस ने रात में ही सूरज तिवारी, आकाश उर्फ अक्कू और तरुण को हिरासत में लिया. वायरल वीडियो की जांच के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है, मामले की जांच जारीहै.

# कबाड़ की दुकान में लगी आग

- दमकल ने आसपास की दुकानें बचाई




**इंदौर.** सुदामा नगर क्षेत्र में सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भगवती द्वार के पास स्थित एक कबाड़ दुकान में अचानक आग भड़क उठी. कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची लपटें उठने लगीं. सूचना मिलते ही दमकल अमला मौके पर पहुंचा और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

घटना सुबह करीब 8.15 बजे स्क्रैप व्यापारी जितेंद्र पिता कालूराम की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी. आग की चपेट में प्लास्टिक और कबाड़ का भारी सामान होने के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं. धुआं उठता देख इलाके में दहशत फैल गई और लोग दुकानों से बाहर निकल आए. फायर ब्रिग्रेड के एसआई संतोष दुबे के नेतृत्व में दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, आग बुझाने के लिए करीब 10 हजार लीटर पानी का उपयोग किया. दुकान के ठीक समीप गजक, नमकीन और जूस की दुकानें होने के चलते स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई थी, लेकिन दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग को फैलने से रोक लिया और आसपास की दुकानों को सुरक्षित बचा लिया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. राहत की बात यह रही कि घटना के समय दुकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. दुकान संचालक के अनुसार आगजनी में दुकान के भीतर रखा अधिकांश माल जलकर खाक हो गया है. पुलिस और फायर विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

# लोडिंग वाहन की टक्कर में चार घायल, चालक हिरासत में

- आईटी पार्क के पास हादसा,
- ड्राइवर शराब के नशे में होने का शक





**इंदौर.** भंवरकुआ इलाके सोमवार को एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें टाटा एस लोडिंग वाहन ने पीछे से दो बाइक और एक एक्टिवा को टक्कर मार दी. हादसे में चार लोग घायल हुए और उन्हें नजदीकी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया. पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है.

हादसे में 55 वर्षीय भागीरथ शुक्ला के सिर में गंभीर चोट आई है. वे खंडवा रोड स्थित कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट में चौकीदार हैं और अपनी 21 वर्षीय बेटी चेतना शुक्ला को कोटक महिंद्रा बैंक में इंटरव्यू के लिए ले जा रहे थे. चेतना को भी सिर में चोट लगी है. एक अन्य युवक भी घायल है. सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि हादसा आईटी पार्क के पास हुआ. वाहन चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चालक शराब के नशे में था, जबकि चालक ने दावा किया कि हादसा ब्रेक फेल होने के कारण हुआ. पुलिस वाहन की तकनीकी जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है.

# गुलाब के 3200 किस्म के फूलों ने दर्शकों पर चलाया जादू

- गाँधी हॉल में दिनभर लगी रही हर आयु वर्ग के पुष्प प्रेमियों की कतारें
- विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को दिए गए पुरस्कार,




**इंदौर. गुलाब के 3200 किस्म के रंगबिरंगे फूलों तथा 272 मौसमी फूलों की सुगंध से सरोबार शहर के गाँधी हॉल में रविवार को दिनभर गुलाब और पुष्प प्रेमियों का मेला जुटा रहा. दर्शकों पर इन फूलों का जादू इस कदर परवान चढ़ा कि समापन बेला तक लगभग 30 हजार दर्शकों ने प्रकृति के इन अनमोल उपहारों को देखा, छुआ और अपने-अपने मोबाइल कैमरों में कैद भी किया.**

सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के अभिभाषक और गुलाब विशेषज्ञ राहुल कुमार एवं श्रीमती निशा बिदासरिया के आतिथ्य में गुलाब प्रदर्शनी के दौरान हुई विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. सुबह स्कूली बच्चों के लिए आयोजित गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला स्पर्धा में भी करीब 300 बच्चों ने अपनी नन्ही तूलिकाएं चलाई और पुरस्कार प्राप्त किए. अनेक विशिष्टजनों ने भी गाँधी हॉल पहुंचकर पूरी दिलचस्पी से इस प्रदर्शनी को निहारा और आयोजकों को बधाइयाँ दीं. मालवा रोज सोसायटी के संरक्षक डॉ. देव पाटोदी, अध्यक्ष बी.के. सारस्वत एवं सचिव डॉ. अरूण सराफ ने बताया कि गांधी हॉल में शनिवार से प्रारंभ इस प्रदर्शनी में 400 से अधिक किस्मों के 3200 गुलाब प्रदर्शित किए गए. गुलाब कुल 9 रंगों के होते हैं और ये सभी रंग यहां नजर आए. शहर के अनेक प्रबुद्धजनों, गुलाब प्रेमियों ने जी भरकर इन पलों का आनंद लिया. शहर के अलावा आसपास के पुष्प प्रेमियों को इस गुलाब प्रदर्शनी ने इस कदर आकर्षित किया कि सुबह से रात तक कई बार कतारें लगाना पड़ी. पुरस्कार वितरण समारोह में सोसायटी की ओर से डॉ. डीके तनेजा, सुनील खंडेलवाल, जे.सी. शर्मा, पुष्पा जैन, महेश बंसल, नीलम तापड़िया, पद्मा कालानी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

> **चित्रकला स्पर्धा के विजेता बच्चे भी**
>
> गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला स्पर्धा में विजेता बने बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया. दसवीं-ग्यारहवीं के समूह में साकीना रेशमवाला प्रथम, पांचवीं से नौवी कक्षा में कपिल साठे प्रथम, आयशा खान द्वितीय एवं संस्कृति भाट तृतीय, पहली से चौथी कक्षा के वर्ग में लायना द्विवेदी प्रथम, निशिता हंसराज द्वितीय एवं भव्या होलकर तृतीय विजेता रहीं. केजी वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों में शनाय पोद्दार प्रथम, दिशिता यादव द्वितीय एवं केशव लाड तृतीय विजेता घोषित किए गए। निर्णायक मंडल के डॉ. डीके मिश्रा, राहुल खंडेलवाल, जेसी शर्मा, पुष्पा जैन, रीना शर्मा, श्रीमती शिंदे, रामेश्वर पाटीदार एवं मयंक मिश्रा भी इस अवसर पर उपस्थित थे.

### खाटू श्याम फाग महोत्सव 22 फरवरी को

**इंदौर.** शहर के खाटू श्याम मंडलों में फाग महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं. दिव्य शक्ति पीठ, एमआर 10 रोड पर श्री श्याम मंडल द्वारा 22 फरवरी को श्री श्याम फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम भजनों की गंगा बहाएँगी. संगठन के प्रमुख बाबूलाल अग्रवाल, जयप्रकाश इंदौरिया, वीरेन्द्र नीमा ने बताया कि कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी 22 फरवरी को शाम 6.15 बजे से इस फाग महोत्सव में अपने रंगबिरंगे फाग भजनों की फुहारें बिखेरकर शहरभर के श्याम भक्तों को अपने रंग में रंगेंगे.

# दौड़ लगाकर दिया अंगदान का संदेश

- 'पास द बैटन ऑफ लाइफ' मैराथन के साथ यूसीकॉन का समापन



**इंदौर.** चार दिनों तक चले ज्ञान, तकनीक, फिटनेस और सांस्कृतिक उत्सव के बाद यूसीकॉम 2026 का समापन हो गया. चौथा दिन पूरी तरह समाज, सेवा और स्वस्थ जीवनशैली को समर्पित दिखा. सैकड़ों डॉक्टर, डेलीगेट्स और शहरवासी एक साथ मैराथन ट्रैक पर उतरे, तो यह सिर्फ दौड़ नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश बन गया. 'पास द बैटन ऑफ लाइफ थीम के साथ आयोजित इस रन ने अंगदान, फिटनेस और जागरूकता की अलख जगाई.

देश-विदेश से आए यूरोलॉजिस्ट्स, युवा रेजिडेंट्स, मेडिकल स्टूडेंट्स और स्थानीय नागरिकों ने कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया. कई डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में जिंदगी बचाने वाले हाथ आज सड़कों पर दौड़कर लोगों को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं. आयोजन समिति ने बताया कि इस रन का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जिंदगियां बचा सकता है. मैराथन के साथ-साथ अंतिम दिन शैक्षणिक गतिविधियां भी जारी रहीं. विभिन्न केंद्रों पर यूरोपियन बोर्ड एग्जाम और विशेषज्ञता मूल्यांकन सत्र आयोजित किए गए, जहां युवा डॉक्टरों ने अपनी स्किल्स और ज्ञान की परीक्षा दी. चार दिनों के इस आयोजन में 2000 से अधिक डेलीगेट्स, 70 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और सैकड़ों वैज्ञानिक प्रस्तुतियों ने इंदौर को वैश्विक मेडिकल मैप पर स्थापित कर दिया. आॅर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुशील भाटिया ने कहा हम चाहते थे कि यूसीकॉन का समापन समाज के लिए एक संदेश के साथ हो. मैराथन और ऑर्गन डोनेशन अभियान इसी सोच का हिस्सा है. डॉक्टर केवल अस्पतालों तक सीमित न रहें, बल्कि समाज में हेल्थ अवेयरनेस के ब्रांड एंबेसडर बनें. ऑर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय शिंदे ने कहा यह चार दिन केवल मेडिकल चर्चा नहीं थे, बल्कि जीवनशैली सुधार का अभियान थे. ट्रेज़रर डॉ. नितीश पाटीदार ने बताया हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में इंदौर मेडिकल टूरिज्म और हेल्थ एजुकेशन का बड़ा केंद्र बनेगा. को-ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रवि नागर ने कहा कि इस सम्मेलन में सीखी गई आधुनिक तकनीकें अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर इलाज पहुंचाने में मदद करेंगी.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - इन्दौर**
**माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.आं.सू. क्रं-10/2025-26 / 759 भोपाल दिनांक 28/01/2026

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - इन्दौर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से www.mptenders.gov.in (Department of Directorate of Health Services) में 02 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित ) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

ई-निविदा सूचना क्रमांक-10/2025-26

| स. क्र. | टेण्डर नं. 2026_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में | जमा धरोहर राशि रू. में | टेण्डर दर राशि रू. में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DHS _478645 | जिला खण्डवा के विकासखण्ड पुनासा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुनासा मे एन. बी. एस.यू. की स्थापना का कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 4.19 | 8380.00 | 2,000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_DHS _478647 | जिला झाबुआ के विकासखण्ड रामा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पारा मे एन. बी. एस. यू की स्थापना कार्य तृतीय आमंत्रण | 5.73 | 11460.00 | 2,000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 02.02.2026 प्रातः 10.30 से दिनांक 17.02.2026 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नही। 5. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री
G25233/25 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - इन्दौर

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
motilal oswal Home Finance
**कार्पोरेट कार्यालय-** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्ला सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ई-मेल- hfquery@motilaloaswal.com.
CIN: Number: U65923MH2013PLC248741

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति/यों के लिए)**

**(सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया है. निम्नलिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है.

| क्र. | ऋण अनुबंध संख्या/उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस तिथि और कुल बकाया | कब्जे लेने की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति के सभी भाग जिसमें शामिल है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXMOINDO124-250778937 ऋणकर्ता : विक्रम फर्नांडीज सह-ऋणकर्ता : मोतीन फर्नांडीज गारंटर : विनीता चौहान | 10-10-2025/ रुपये 1295653/- | 29-01-2026 | फ्लैट संख्या 301, प्लॉट संख्या 14, क्षेत्रफल 650 वर्ग फुट सर्व संपन्न नगर, बिचोली हप्सी मुख्य सड़क, हनुमान मंदिर 452016, इंदौर मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- प्लॉट संख्या 13, पश्चिम- प्लॉट संख्या 15, उत्तर- खुला स्थान, दक्षिण- फ्लैट संख्या 302. |
| 2. | LXIND00317-180057898 ऋणकर्ता : उर्मिला शर्मा सह-ऋणकर्ता : दिनेश शर्मा | 10-10-2025/ रुपये 556595/- | 29-01-2026 | मकान संख्या 223, गौरी नगर, खातिपुरा 452001 इंदौर, मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- शंकर चौधरी का मकान, पश्चिम- सड़क, उत्तर- खुला मैदान, दक्षिण- गोविंद ठाकुर का मकान. |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो कि ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा. उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 3-2-2026 अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा. मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड